

नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

मंगलवार

4 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण


**नवमी सिद्धिदात्री**



या देवी सर्वभू?तेषु माँ सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

## राज्य में अगले तीन दिनों तक बारिश की संभावना

**पटना।** सबू में दो साल के बाद दुर्गा पूजा काफी धूमधाम से मनाया जा रहा है। लोगों में उत्साह है, लेकिन बारिश ने इसमें खलल डाल दी है। पटना, भागलपुर, कटिहार समेत राज्य के कई जिलों में झमाझम बारिश हो रही है। अगले दो दिन भी ऐसा ही मौसम रहने की आशंका है। दुर्गा पूजा की नवमी और दशमी को बारिश होने की संभावना है, जिसके कारण लोग त्योहार को ठीक ढंग से एंजॉय नहीं कर पाएंगे। मौसम विभाग ने 5 अक्टूबर तक बिहार के अधिकांश जिलों में अच्छी बारिश होने का अनुमान लगाया है। इस दौरान तेज हवाएं चलेगी और तापमान में भी गिरावट आएगी।

# उपचुनाव : गोपालगंज व मोकामा में 3 नवंबर को डाले जाएंगे वोट

**केटी न्यूज/पटना**

चुनाव आयोग ने सोमवार को बिहार की दो सीतों के साथ छह राज्यो की सात सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी। बिहार की दो सीट मोकामा और गोपालगंज विधानसभा उपचुनाव के लिए 3 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और 6 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। इससे पहले 7 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के बीच नामांकन की प्रक्रिया होगी। गोपालगंज के विधायक और राज्य के पूर्व सहकारिता मंत्री सुभाष सिंह के निधन के बाद से गोपालगंज की विधानसभा सीट खाली है। जबकि मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह को एके-47 केस में 10 साल की सजा सुनाई जाने के कारण उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थी। इसके बाद से ये भी सीट खाली थी। वहीं, मोकामा विधानसभा का इतिहास हमेशा से ही बाहुबली छवि के नेता के साथ रहा है, राजनीतिक दल भले ही अलग-अलग रहे हैं। यहां से पिछले 4 चुनाव से अनंत सिंह का वर्चस्व रहा है। वे एकतरफा चुनाव जीतते रहे हैं। इससे पहले उनके बड़े भाई दिलीप सिंह का यहां सिक्का चलता था। वे यहां से चुनाव भी जीत चुके हैं।

**नए समीकरण में गोपालगंज में होगी महागठबंधन की पहली परीक्षा :** गोपालगंज उपचुनाव में महागठबंधन की ओर से एक नहीं, कई दावेदार होंगे। नए समीकरण में इसे महागठबंधन की पहली परीक्षा भी मानी जा रही है। दरअसल, मोकामा सीट पर तो सत्तापक्ष की ओर से आरजेडी की उम्मीदवारी लगभग तय है। अनंत सिंह आरजेडी के टिकट पर इस सीट से जीतते आ रहे हैं। अब उनकी सदस्यता समाप्त होने के बाद उपचुनाव होना है। ऐसे में इस सीट पर आरजेडी ही उम्मीदवार उतारेगा, ऐसा तय माना जा रहा है। गोपालगंज में किसे प्रत्याशी बनाया जाएगा, ये सबसे दिलचस्प होगा। गोपालगंज विधानसभा सीट पर पिछले 4 चुनाव से बीजेपी का दबदबा है। 2005 से यहां सुभाष चुनाव जीतते आ रहे थे। 2020 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के सुभाष सिंह ने बसपा के उम्मीदवार साधु यादव को 36 हजार के वोटों के अंतर से हराया था। महागठबंधन के उम्मीदवार रहे कांग्रेस के आसिफ गफूर को तब मात्र 36 हजार वोट मिले थे।

**मोकामा में जिस पाले में सवर्ण वोटर्स, जीत उसकी :** मोकामा विधानसभा क्षेत्र में कुल 2.68 लाख वोटर हैं। इस सीट पर अहम भूमिका भूमिहार, कुर्मी, यादव, पासवान की है। राजपूत और रविदास जैसी जातियां भी यहां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इस सीट पर साल 2000 में सबसे अधिक मतदान 76.70 प्रतिशत हुआ था। इस दौरान 83.4 पुरुषों और 69.01 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया था। इस विधानसभा क्षेत्र के बारे में कहा जाता है कि सवर्ण वोट जिस पाले में उस पार्टी की जीत होनी तय है। इस सीट पर सीट में सवर्ण वोटर निर्णायक भूमिका में हैं।

### अनंत सिंह ने जिस पार्टी से चुनाव लड़ा, उनकी जीत तय



2005 के चुनाव से ही मोकामा मतलब अनंत सिंह हो गया है। इससे पहले कुल 16 चुनाव में 7 बार कांग्रेस, तीन बार राजद, तीन बार निर्दलीय उम्मीदवार, दो बार जनता दल, एक बार रिपब्लिक पार्टी ऑफ इंडिया यहां से जीत चुकी है। आज तक बीजेपी यहां से नहीं जीती है, वहीं 1985 में आखिरी बार कांग्रेस ने यहां से जीत दर्ज की थी। हालांकि अब बदले हुए समीकरण में बीजेपी यहां भी अपनी पूरी ताकत लगाएगी। अनंत सिंह लगातार 2005 से यहां से चुनाव जीत रहे हैं। 2005 और 2010 का विधानसभा वे यहां से जदयू के टिकट से जीते थे। 2015 में जब लालू और नीतीश की जोड़ी साथ आई तो उन्होंने निर्दलीय पर्चा भर दिया। 2020 में वे आरजेडी के टिकट से चुनाव लड़े थे।

### सुभाष सिंह को हराने का राजद का हर पैंतरा था



भले ही 2020 में तेजस्वी ने गठबंधन के नाते गोपालगंज सदर सीट कांग्रेस को दे दी, लेकिन प्रदर्शन और सीट के पुराने रिकॉर्ड के कारण राजद का दावा भी यहां कमजोर नहीं है। 2005 के नवंबर में हुए चुनाव में सुभाष सिंह ने पहली बार जीत दर्ज की। इससे पहले के तीन चुनावों में सीट राजद के पास ही रही थी। इस सीट से 1995 में राम अवतार विधायक बने तो 2000 में साधु यादव ने जीत दर्ज की। फरवरी 2005 में हुए चुनाव में राजद के रेयाजुल हक राजू ने जीत दर्ज की थी।

**मां दुर्गा दुर्गतीनाशिनी**



पुराना भोजपुर चौक पर स्थापित मां की प्रतिमा

## शौच करने निकले बक्सर के युवक की बाइक की ठोकर से मौत

- हादसे में बाइक सवार युवक की हालत भी गंभीर, पटना रेफर

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ गांव स्थित दुर्गा मंदिर के समीप सोमवार की देर शाम सड़क हादसे में शौच करने निकले युवक की मौत हो गयी। बाइक की ठोकर से गंभीर रूप से जख्मी युवक ने इलाज के लिए अस्पताल लाये जाने के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में बाइक सवार युवक भी जख्मी हो गया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे भी पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक मूल रूप से बक्सर जिला के सिमरी थाना क्षेत्र के सहियार गांव निवासी भगवान नट का 30 वर्षीय पुत्र सहाबु नट था। वह्र कुछ सालों से अपने ससुराल बलुआ गांव में रहता था। वहीं बाइक सवार जख्मी युवक बड़हरा थाना क्षेत्र के नेकनाम टोला गांव निवासी बताया जा रहा है। मृत सहाबु नट की बहन ने बताया कि वह दो वर्षो से बलुआ गांव में अपने पूरे परिवार के साथ ससुराल में ही रह रहा था। सोमवार की देर शाम वह शौच करने निकला था। उसी दौरान बड़हरा की ओर से आ रहे बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दिया। इससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों ने सहाबु नट को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया।




# धनबाद के जूस कारोबारी की हत्या के लिए भोजपुर से हायर किये गये थे तीन शूटर

- दो शूटरों को गिरफ्तार कर ले गयी धनबाद पुलिस, तीसरे की तलाश तेज
- व्यवसायी के भाई ने ही तीनों शूटरों को दी थी एक लाख की सुपारी



**केटी न्यूज/आरा**

झारखंड के धनबाद के साफ्ट ड्रिंक कारोबारी ज्योति रंजन की हत्या में भोजपुर के तीन शूटरों का नाम सामने आया है। तीनों को एक लाख की सुपारी देकर हायर किया गया था। उसमें दो को झारखंड पुलिस गिरफ्तार कर ले गयी। जबकि तीसरा अभी फरार चल रहा है। झारखंड पुलिस सूत्रों के अनुसार व्यवसायी के भाई द्वारा अपने एक मित्र के जरिए शूटरों से संपर्क किया गया था। एक लाख में हत्या की डील हुयी थी। उसमें 50 हजार रुपए अग्रिम भुगतान किया गया था।? शेष पचास हजार की राशि काम होने के बाद देने की थी। बताया जा रहा है कि तीनों शूटर गत 28 सितंबर को ही भोजपुर से धनबाद पहुंचे थे। तीनों उस बरवाअड्डा इलाके के होटल में ठहरे थे। उनके रहने की पूरी व्यवस्था व्यवसायी के भाई और उसके दोस्त ने की थी। बताया जाता है कि घटना को अंजाम देने के बाद तीनों फिर होटल पहुंचे और रात साढ़े नौ बजे निकल गये थे। सूत्रों की मानें तो घटना के बाद शूटर राहुल कुमार अकेले बाइक से भोजपुर के लिए निकला था। सोनू कुमार राय तीसरे शूटर के साथ धनबाद स्टेशन से ट्रेन पकड़ भागे थे। ताकि रास्ते में किसी को कोई शक नहीं हो। वहीं, पुलिस के अनुसार वारदात को अंजाम देने के बाद पुलिस से बचने के लिए शूटरों ने हथियार घटनास्थल से थोड़ी दूर झाड़ी में फेंक दिया था।? जांच के बाद उस मामले में राजगंज पुलिस ने कारोबारी के भाई और मित्र को गिरफ्तार कर पूछताछ की, तो हत्या का पूरा राज खुल गया।

**पूछताछ के लिए दोनों शूटरों को धनबाद ले गयी झारखंड पुलिस** : मामले में बताया जा रहा है कि धनबाद के राजगंज के खरनी स्थित सनसाइन कंट्री कॉलोनी गेट के समीप 29 सितंबर को सॉफ्ट ड्रिंक व्यवसायी ज्योति रंजन की गोली मार हत्या कर दी गई थी।? झारखंड के धनबाद में जूस कारोबारी की हत्या के मामले में दो शूटरों को भोजपुर के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार किया है। इनमें एक सहार थाना क्षेत्र के गुलजारपुर गांव निवासी रामेश्वर राय के पुत्र सोनू कुमार और चौरी थाना क्षेत्र के धनछुहां गांव निवासी बृज कुमार शर्मा के पुत्र राहुल कुमार है। स्थानीय पुलिस की मदद से झारखंड पुलिस द्वारा दोनों को रविवार को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है। उसके बाद पूछताछ के लिए झारखंड पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर पुलिस दोनों को धनबाद लेकर चली गयी। सहार थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपितों पर झारखंड के एक रियल एस्टेट कारोबारी की हत्या करने का मामला दर्ज था। झारखंड पुलिस द्वारा जानकारी दिये जाने के बाद छापेमारी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## किसान का अगली सुबह करहा से मिला शव, डूबने से मौत



**आरा।** जिले के तरारी थाना क्षेत्र के सेदहा गांव में रविवार की शाम करहा में डूबने से एक अधेड़ किसान की मौत हो गयी। उनका शव सोमवार की सुबह गांव के ही करहा से बरामद किया गया। मृत किसान सेदहा गांव निवासी 50 वर्षीय पुत्र सत्येंद्र सिंह थे। भाई दीनानाथ सिंह ने बताया कि रविवार की शाम घर में सब्जी देने के बाद वह बाहर चले गये थे। देर रात तक घर नहीं लौटे, तो उनकी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। सोमवार की सुबह वह गांव में स्थित पानी भरे करहा में मृत हालत में मिले है। उसके बाद उनका शव पानी से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जाता है कि किसान अपने तीन भाई में दूसरे स्थान पर थे। उनके परिवार में पत्नी आशा देवी, पुत्री पूजा देवी और प्रीति कुमारी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी आशा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

## विवाहिता की गला दबा कर हत्या, ससुराल वाले फरार



**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के नोखा थाना क्षेत्र के कदवा गांव में सोमवार को एक विवाहिता की गला दबा कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग फरार बताए जा रहे हैं। मृतका कदवा गांव निवासी कादिर अंसारी की पतोहू सबीना परवीन (20 वर्ष) है। शादी मोजराढ़ गांव निवासी सबीना की शादी 2 वर्ष पूर्व कदवा गांव में नौशाद अंसारी के साथ हुई थी। मैके वाले का आरोप है कि पर्याप्त दहेज देकर बेटी की शादी की गई थी, लेकिन ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते थे। ससुराल पक्ष की ओर से सूचना दी गई की बेटी ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। बेटी की गला दबाकर हत्या की गई है। मायके पक्ष के आने के बाद ससुराल पक्ष के लोग शव को छोड़ कर फरार हो गए। नोखा थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिउ सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया है।

इस मामले में ससुराल पक्ष वाले फंदे से लगाकर की आत्महत्या की बात कर रहे हैं। लेकिन, मृतक के परिजन इसे गला दबाकर के हत्या करने की बात कही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले मायके पक्ष द्वारा सूचना दी गई है। प्राथमिकी दर्ज नहीं कराया है। पुलिस मामले की जानकारी ले रही है।

## आरा में दो युवकों के बीच मामूली विवाद में सरेराह की फायरिंग

**केटी न्यूज/आरा**

टाउन थाना क्षेत्र के रौजा मोहल्ले में सोमवार की देर शाम पूर्व के विवाद में दो पक्षों में झड़प हो गयी। इस दौरान गोलियां भी चल गयी। दो से तीन से राउंड फायरिंग की बात सामने जा रही है।हालांकि फायरिंग की इस वारदात में किसी के जख्मी होने की सूचना नहीं है। वहीं अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग से इलाके में दहशत पैदा हो गयी। बताया जा रहा है कि फायरिंग की घटना का फोटो और वीडियो भी वायरल हो गया है। उसमें एक युवक को पिस्टल से फायरिंग करते देखा जा रहा है। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच छानबीन में जुट गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार रवि नामक किसी लड़के से कुछ लोगों को झगड़ा हुआ था। उसके बाद दूसरे पक्ष द्वारा फायरिंग कर दी गयी। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। फायरिंग करने वालों की पहचान और धरपकड़ में जुट गयी है। बताया जा रहा है कि पुलिस को फायरिंग करने वाले का फोटो भी मिल गया है।

## सांप के डंसने से महिला की अस्पताल में हुई मौत

**आरा।** जिले के जगदीशपुर थाना अंतर्गत दुल्हिनगंज गांव में रविवार की रात घर में सो रही महिला को की सर्पदंश से मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। मृतका दुल्हिनगंज निवासी श्रवण सिंह की 35 वषीर्या पत्नी सुकवारो देवी थी। मृतका के पुत्र ने बताया कि गांव में ही एक नया घर बना है। रविवार की रात वह अपनी बहन और मां के साथ उसी मकान में सोया था। तभी किसी सांप ने उनको डंस लिया। इससे उनकी नींद खुल गई और कहा कि किसी जंतू ने काट लिया है।

# पूजन से पहले नाली से मिली नवजात बच्ची,नाम रखा दुर्गा

- निष्ठुर मां ने बच्ची को फेंका, अस्पताल की नर्स, ममता और गार्ड ने बचायी जान
- डीएम के निर्देश पर चाइल्ड लाइन कर रही नवजात बच्ची की देखभाल

**केटी न्यूज/आरा**



आरा में एक बार फिर मां की ममता कलंकित हुई। निष्ठुर मां द्वारा कन्या पूजन से ठीक पहले अपनी नवजात बच्ची को नाली में फेंक दिया गया। हालांकि सदर अस्पताल की नर्स, ममता और गार्ड की मदद से उसकी जान बचा ली गयी। बच्ची रविवार की रात सदर अस्पताल की लेबर वार्ड के बगल में स्थित शौचालय की नाली में काले दुपट्टे में लिपटी पड़ी थी। अब जिला प्रशासन द्वारा उस बच्ची का नाम दुर्गा रखा गया है। अस्पताल का जायजा लेने पहुंचे डीएम राजकुमार द्वारा बच्ची का नामकरण किया गया है। इधर, डीएम के निर्देश पर चाइल्ड लाइन फिलहाल बच्ची की देखभाल कर रही है। दरअसल हुआ यह कि रविवार रात महिला मरीज शौचालय की ओर गयी थी। वहां उसे बच्ची की रोने की आवाज सुनाई पड़ी। उसके बाद उसने मौके पर मौजूद प्रसूति विभाग की नर्स को सूचना दी और बच्ची को बचा लिया गया। नर्स पूनम कुमारी ने बताया कि रात में वेलोग वार्ड के काउंटर पर बैठे हुए थे। तभी एक मरीज आयी और बोली कि शौचालय के समीप नाली में बच्चे की रोने की आवाज आ रही है। उसके बाद वह वार्ड के गार्ड अभय सिंह और ममता के साथ नाली के पास गये। तब देखा कि नाली में कपड़े में लिपटी एक बच्ची पड़ी थी। उसके बाद काफी मशक्कत कर बच्ची को नाली से बाहर निकाला गया। रविवार को पूरा शहर मां कालरात्र की पूजा कर रहा था। नवमी को कन्या पूजन की जाती है। ऐसे में किसी के घर जन्मी इस देवी को उसकी अपनी मां द्वारा मरने के लिए नाली में फेंक दिया गया था । अब देखना होगा कि सदर अस्पताल प्रशासन बच्ची को फेंकने वाली को खोज पाता है या नहीं।

**बच्चे को फेंके नहीं, प्रशासन को दें : डीएम**

इधर, सदर अस्पताल का हाल जानने पहुंचे डीएम राज कुमार ने डॉक्टर से उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने बच्ची का नामकरण दुर्गा के रूप में किया। साथ ही, मीडिया के माध्यम से लोगों से बच्चों को नहीं फेंकने की अपील की। कहा कि बच्चा हो या बच्ची, फेंके नहीं। उन्हें (प्रशासन) दें। प्रशासन अच्छे से बच्चों का पालन-पोषण करेगा। उनके पास पूरी व्यवस्था है। कहा कि लावारिस बच्चों की देखभाल करने की जिम्मेदारी समाज कल्याण विभाग की होती है। बाद में बच्चों का अडॉपशन भी कराया जाता है।






# दुर्गा पूजा में आपात स्थिति से निपटने के लिए तैनात रहेंगे चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी

- जिलाधिकारी के निर्देश पर बक्सर व डुमरांव में तैनात की गई क्विक रिस्पॉन्स टीम
- तीन पालियों में लगाई गई 24 घंटे चिकित्सकों और कर्मियों की ड्यूटी

**केटी न्यूज/बक्सर**



दुर्गा पूजा में किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। जिलाधिकारी अमर समीर के निर्देश पर जिले के सिविल सर्जन डॉ. जितेंद्र नाथ ने सप्तमी से विजयदशमी दो से पांच अक्टूबर तक तीन पाली में चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति की है। पहली पाली सुबह छह बजे से दोपहर दो बजे तक, दूसरी पाली दोपहर दो बजे से रात 10 बजे तक और अंतिम पाली रात 10 बजे से अगली सुबह छह बजे तक निर्धारित की गई है। हर शिफ्ट में अलग-अलग स्वास्थ्य कर्मियों की टीम भी मौजूद रहेगी। इस संबंध में जिला गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि तीन अक्टूबर को महाअष्टमी, चार को नवमी तिथि के दिन हवन के उपरान्त नवरात्र पूजा सम्पन्न होगी। वहीं, पांच अक्टूबर को विजयादशमी पर्व मनाया जायेगा। शारदीय नवरात्र (दुर्गा-पूजन समारोह) के मद्देनजर जिलाधिकारी के द्वारा क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) टीम उपलब्ध कराने के लिए निदेशित किया गया है। उक्त परिपेक्ष्य में आगामी दुगार्पूजा व दशहरा पर्व को देखते हुए क्यूआरटी टीम के लिए चिकित्सा पदाधिकारी एवं कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**कुल सात स्थानों पर क्यूआरटी तैनात :** जिला गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया, पूजा के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए क्यूआरटी टीम की तैनाती की गई है। जो मेले के दौरान किसी के अचानक बीमार आदि होने की स्थिति पर तत्काल प्रभाव से उनका प्राथमिक इलाज कर सकेंगे। इसके लिए जिला मुख्यालय में चार व डुमरांव अनुमंडल मुख्यालय में तीन क्यूआरटी टीम गठित की गई है। बक्सर जिला मुख्यालय में अंबेडकर चौक, नई बाजार सीताराम विवाह महोत्सव के पास, सत्यदेवगंज मिल रोड पर बड़ी मस्जिद के समीप, पुराना चौक मेन रोड पर व गोलंबर के समीप एम्बैसेडर होटल के पास शिविर लगाया गया है। वहीं, डुमरांव अनुमंडल मुख्यालय में राज अस्पताल के समीप, राजगढ़ चौक के समीप व स्टेट बैंक परिसर के चबूतरा पर शिविर लगाया गया है। जिसमें आयुष चिकित्सकों व फार्मासिस्ट या एएनएम को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**सावधानी व सर्तकता से मनाएं पर्व-त्यौहार :** जिले में पर्व-त्यौहारों का दौर शुरू हो गया है। जिसके लिए लोग देश परदेश से अपने घर लौट कर परिजनों के साथ त्यौहारों का आनंद उठा रहे हैं। लेकिन दुर्गा पूजा और विजयदशमी के मेले का आनंद उन्हें सतर्कता और सावधानी के साथ उठाना होगा। लोगों को समझना होगा कि कोरोना संक्रमण की संभावना फिलहाल कम है, लेकिन खत्म नहीं हुई है। इसलिए मेले के दौरान भी लोग मास्क और शारीरिक दूरी का पालन करना होगा। वहीं, लोग कोरोना के टीके की निर्धारित डोज अनिवार्य रूप से लें।' - डॉ. जितेंद्र नाथ, सिविल सर्जन, बक्सर

## महाअष्टमी पर पंडालों में उमड़ा सैलाब, देर रात तक मेला का लुफ्त उठाते रहे लोग

- शाम ढलते ही रंगीन छंटा में बढ़ जा रही थी मूर्तियों व पंडालो की भव्यता

**केटी न्यूज। डुमरांव**



चार दिवसीय दशहरा मेला के दूसरे दिन महाअष्टी को पूजा पंडालों में दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ गया था। देर रात तक श्रद्धालु भक्तों के साथ ही मेला घुमने वालों का तांता लगा था। बक्सर तथा डुमरांव की सड़को पर शाम ढलने के बाद मेला घुमने वालों के कारण तिलभर भी जगह नहीं बची थी। हालांकि शाम में जोरदार बारिश भी हुई थी। लेकिन इसका असर लोगों की आस्था पर नहीं पड़ा। बारिश होने से थोड़ी देर के लिए पूजा समिति के सदस्य परेशान जरूर हुए थे। लेकिन जल्दी ही फिर से सबकुछ सामान्य हो गया। पूजा पंडालों के आलावे महाअष्टमी पर देवी मंदिरों में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने मत्था टेका। जानकारी के अनुसार डुमरांव के बड़ी काली मंदिर, डुमरेजनी मंदिर, कोपवा में नव स्थापित काली मंदिर, अमसारी काली मंदिर, नावानगर के शीतला माता मंदिर, डुमरांव स्टेशन के पास स्थापित पंच मंदिर समेत कई अन्य मंदिरों में शारदीय नवरात्र के दशमी पर श्रद्धालुओं ने दर्शन व पूजन किए है। पूजा समितियों की मेहनत तथा मूर्तिकारों की कारीगरी से मूर्तियों व पंडालों की भव्यता देखते ही बन रही है। रंग बिरंगे रौशनी में पंडालों तथा मूर्तियों की शोभा बढ़ जा रही है। दशहरा मेला में पुलिस प्रशासन की मुश्तैदी भी काबिले तारीफ है। इस कारण श्रद्धालुओं तथा मेला घुमने वाले बच्चों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही है।

## छदू राम हत्याकांड, दागदार हो सकते है अपनों के दामन

**बक्सर।** रविवार की सुबह बक्सर के छोटकी सारिमपुर निवासी छदू राम हत्याकांड में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे है। घटना के बाद से ही पुलिस तकनीकी साधनों से इस मामले के उदभेदन में जुट गई है। पुलिस की मानें तो मामला अवैध संबंधों से जुड़ा हो सकता है तथा इस हत्याकांड में अपनों के हाथ भी दागदार होने की संभावना पुलिस सूत्र जता रहे है। पुलिस की मानें तो मृतक तथा उसके परिजनों के मोबाईल को खंगाला जा रहा है। सूत्रों की मानें तो अवैध संबंधों का विरोध करने में ही छदू की हत्या हुई है। पुलिस जल्दी ही हत्याकांड में शामिल हत्यारों के साथ ही साजिश में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर सकती है। गौरतलब है कि रविवार की सुबह छदू राम अपने झोपड़ीनुमा कमरे में मृत अवस्था में पड़ा था। जबकि उसका दरवाजा अंदर से बंद था। इस मामले में मृतक की पत्नी, बच्चों तथा अन्य परिजनों के बयान में भी विरोधाभास मिले है। जिसके बाद पुलिस का शक गहरा गया है।

# 05 अक्टूबर को किला मैदान में कलात्मक आतिशबाजी के साथ होगा 'रावण वध'

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्री रामलीला समिति बक्सर के तत्वाधान में रामलीला मैदान (किला) में चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आगामी पांच अक्टूबर (बुधवार) को कलात्मक एवं शानदार आतिशबाजी के साथ 'रावण वध' का कार्यक्रम होगा। जिसमें इस वर्ष 45 फीट के 'रावण' एवं 40 फीट के मेघनाथ के विशालकाय पुतले का दहन होगा। जो आकर्षण के केन्द्र रहेंगे। उक्त आशय की जानकारी समिति के सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा एवं संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी हरिशंकर गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा 'रावण वध' कार्यक्रम की तैयारी पुरी हो चुकी है। साथ ही, 05 अक्टूबर को रामलीला मैदान (किला) में कलात्मक आतिशबाजी के साथ रावण व मेघनाथ का वध किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि कलाकारों द्वारा रावण व मेघनाथ के पूतले को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रावण व मेघनाथ के पुतले का निर्माण मिश्रवलिया निवासी जितेंद्र शर्मा जी कर रहे हैं। वहीं, पूतलों को कलात्मक आतिशबाजी का रुप देंगे सिमरी के प्रख्यात आतिशबाज कैमुद्दीन मियां। पदाधिकारी द्वय ने आगे बताया कि दशहरे के दिन अपराह्न 2:00 बजे से रामलीला का मंचन प्रारंभ होगा जो देर शाम तक चलेगा। इस बार 'रावण वध' कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इसलिए काफी भीड़ होने की संभावना भी है। विदित हो कि यहां "रावण वध" देखने उत्तर प्रदेश, बिहार सहित सीमाई क्षेत्रों के लोग भी काफी संख्या में विजयादशमी महोत्सव देखने आते है। उन्होंने दशहरे के दिन लोगों को भीड़ से बचने के लिए समय पूर्व कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सुरक्षित स्थान ग्रहण कर लेने की अपील भी की। उन्होंने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि 06-07 एवं 08 अक्टूबर को रामलीला मंच पर श्री कृष्णलीला के दौरान दिन में चन्द्रावली लीला, मुंदरी चोरी व दशावतार लीला का मंचन होगा। वहीं, देर रात्रि होने वाले रामलीला कार्यक्रम के दौरान 06 अक्टूबर को रामलीला मंच पर राजा हरिश्चन्द्र नाटक, 07 अक्टूबर को नगर के यमुना चौक पर "भरत मिलाप" एवं अंतिम कार्यक्रम के रुप में 08 अक्टूबर को रामलीला मंच पर भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक प्रसंग एवं पुरस्कार वितरण सह "सम्मान समारोह" का कार्यक्रम होगा।

## 232 ग्राम हेरोईन के साथ तीन धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा।** जिले की पुलिस द्वारा सोमवार को अलग-अलग जगहों से करीब 232 ग्राम हेरोईन के साथ तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। मौके से एक स्कॉर्पियो भी जब्त की गयी है। पुलिस की पहली कार्रवाई शाहपुर थाना क्षेत्र के कुंडेश्वर चेकपोस्ट के पास हुई। वहां स्कॉर्पियो से दो सौ ग्राम हेरोईन के साथ आरा के दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया गया। उनमें नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज निवासी मिथलेश कुमार यादव और मुफस्सिल थाने के मखदुमपुर डूमरा गांव के रविरंजन कुमार थे। थानाध्यक्ष नित्यानंद शर्मा ने बताया कि दोनों सपलायर स्कॉर्पियो से हेरोईन लेकर बक्सर से आरा की जा रहे थे। तभी भनक लग गयी और कुंडेशवर चेक पोस्ट के पास दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## कन्या पूजन वाले देश में नारियों के अपमान पर गंभीर हुई छात्राओं ने महामहिम को लिखा पत्र

### पत्र में नारियों के साथ अश्लीलता, अभद्रता तथा शोषण को रोकने की लगाई गई है गुहार

**केटी न्यूज/नावानगर**

यत्र नार्यस्तु पूज्यते, रमन्तें तत्र देवता की सोंच वाले भारत में नारियों के अपमान की घटनाएं तेजी से बढ़ी है। यह भी दिलचस्प है कि नवरात्र में कन्या पूजन किया जाता है। लेकिन हर दिन कही न कही नारियां समाज में प्रताड़ना व शोषण का शिकार हो रही है। सरकार द्वारा नारी सुरक्षा के लिए कड़े कानून भी बनाए गए है। लेकिन धरातल पर इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति से नाराज डुमरांव अनुमंडल के नावानगर प्रखंड स्थित दयानंद आर्य प्लस टू उच्च विद्यालय मणियां के छात्राओं ने महामहिम द्रौपदी मुर्मु के पास एक पत्र भेजकर नारी अपमान पर पाबंदी लगाने की गुहार लगाई है। राष्ट्रपति को लिखे पत्र में छात्राओं ने चौसा की अंजली को आग में जलाए जाने की घटना को जिक्र करते हुए कहा है कि ऐसी घटनाओं पर रोक लगनी चाहिए। छात्राओं ने लिखा है कि हर पल नारी अस्मिता को शर्मसार किया जा रहा है। एसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए और सख्त कदम उठाए जाने चाहिए। छात्राओं ने कहा है कि एक महिला देश की सर्वोच्च पद पर आसीन है। तब महिलाओं और बच्चियों को अपनी सुरक्षा के लिए परेशान होना पड़े यह शर्मनाक है।







केशव टाइम्स
पूर्वांचल, 4 अक्टूबर 2022



भागवत गीता

आत्मा किसी काल में भी न जन्मता है और न मरता है




website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com



## 'धनुष यज्ञ मेले' में श्रीकृष्ण व बलराम को मथुरा बुलाते हैं कंस

- रामायण में 'विभीषण शरणागत, सेतुबंध, शंभू स्थापना व रावण-अंगद संवाद' का हुआ मंचन
- विजयादशमी महोत्सव का 16वें दिन महाभारत में कलाकारों ने दिखाया 'अक्रूर आगमन' के प्रसंग

**केटी न्यूज/बक्सर**



श्री रामलीला समिति, बक्सर के तत्वावधान में रामलीला मैदान स्थित विशाल मंच पर चल रहे 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव के दौरान आज 16वें दिन सोमवार को श्रीधाम वृंदावन सेवा पधारी सुप्रसिद्ध रामलीला मण्डल श्रीश्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्रीनन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिन में कृष्ण लीला के दौरान "अक्रुर आगमन" नामक प्रसंग का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि भगवान कृष्ण ब्रज में 11 वर्षों तक रहने के पश्चात अनेक लीलाएं करते हैं।तब देवताओं ने नारद जी को गोकुल में श्रीकृष्ण के पास संदेश पहुंचाने के लिए भेजते हैं और देवताओं को दिया गया वरदान याद करवाते हैं। वे बताते हैं कि आपका अवतार दुष्टों का संहार वह भक्तों को सुख प्रदान करने के लिए हुआ है। अब वह समय आ रहा है, मथुरा में कंस का अत्याचार असहनीय हो चला है। इस दुष्ट के विनाश का समय आ चुका है। तब श्री कृष्ण जी नारद जी को कंस के पास मथुरा भेज कर वहां 'धनुष यज्ञ' के मेले का कंस के माध्यम से तैयारी करवाते हैं। कंस अक्रुर जी को गोकुल भेजकर 'धनुष यज्ञ मेले' में श्रीकृष्ण व बलराम दोनों भाईयों को मथुरा बुलाते हैं। अक्रूर जी जो नंद बाबा के संबंध में भाई थे वह मथुरा से रथ लेकर गोकुल आते हैं और इसकी सूचना मार्ग में श्रीकृष्ण को देते हैं। यह बात सुनकर कृष्ण तुरंत तैयार हो जाते हैं। और घर पहुंचकर इसकी जानकारी नंद बाबा और यशोदा मैया को देते हैं। सभी उनको मथुरा जाने से मना करते हैं परंतु श्री कृष्ण पूरे ब्रजमंडल को उदास करते हुए मथुरा चल पड़ते हैं। इस दृश्य को देख दर्शक रोमांचित हो जय श्री कृष्णा का उद्घोष करते हैं।

**अग्निवाण निकालकर श्रीराम ने समंदर को सुखाने की चेतावनी दी :** वहीं देर रात्रि मंचित रामलीला के दौरान "विभीषण शरणागत, सेतुबंध रामेश्वरम पूजा और रावण-अंगद संवाद" की लीलाओं का मंचन किया गया। जिसमें दिखाया गया कि विभीषण अपने बड़े भाई रावण से कहता है कि माता सीता को प्रभु श्रीराम को सम्मान के साथ भेज दें और क्षमा मांग लें। इससे रावण क्रोधित होकर भरे दरबार में विभीषण को लात मारकर राज्य से बाहर कर देता है। इसके बाद विभीषण श्रीराम की शरण में चला जाता है। जहां श्रीराम उन्हें हृदय से लगाकर लंका पुरी का राज्य देने का वचन देते हैं। और समुद्र पार करने की योजना बनाते हैं।भगवान श्रीराम समुद्र की पूजा कर उनसे लंका पर चढ़ाई करने के लिए रास्ते की विनती करते हैं, लेकिन श्रीराम के आग्रह करने पर भी जब समुंदर ने रास्ता नहीं दिया तो उन्होंने अग्निवाण निकालकर समंदर को सुखाने की चेतावनी दी। जिसके बाद राजा समुद्र अवतरित हुए। उन्होंने बताया कि नल व नील नामक बंदर के हाथ से अगर समुद्र में पत्थर डाला जाय तो पत्थर तैरने लगेगा। इनके सहयोग से सेतु निर्माण करें। समुद्र देव के सहमति के पश्चात श्री राम की सेना समुद्र पर सेतु बनाने में जुट जाती है और कुछ समय पश्चात सेतु निर्माण पूरा हो जाता है भगवान श्रीराम वहां शिवलिंग की स्थापना करते हैं। उनकी पूजा करके अपनी सेना लेकर समुद्र पार करते हैं। इसके बाद रावण पर चढ़ाई करने से पूर्व श्री राम ने एक बार रावण को संधि करने के लिए राजा बाली के पुत्र अंगद को दूत बनाकर लंका भेजते है। जहां अंगद और रावण का सुंदर संवाद होता है। लेकिन, रावण ने अहंकार के चलते श्रीराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इसपर अंगद जी रामदल में लौटकर आते हैं। उक्त प्रंसग को देखकर दर्शक रोमांचित हो जाते है और पांडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गुंज उठता हैं।

## शहर छोटी खबरें

### करंट से दुकानदार की मौत, गांव-घर में मातम

**बलिया।** हल्दी थाना क्षेत्र के सोनवानी गांव में करंट की चपेट में आने से दुकानदार की मौत हो गई। दुघर्टना के बाद गांव-घर में मातम फैला हुआ है। वहीं, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस सूत्रों कि मानें तो सोनवानी निवासी संतोष गुप्ता दुर्गा पूजा पंडाल के पास दुकान लगाने के लिए लोहे का पाइप लेकर जा रहा था। इसी बीच रास्ते में उपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार से पाइप का संपर्क हो गया, जिसके जरिये प्रवाहित हुए विद्युत करंट की जद में आकर गंभीर रुप से झुलस गया। आसपास के लोगों ने उसे सीएचसी सोनवानी पर पहुंचाया। जहां के डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घरवाले युवक को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां के डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

### अधिवक्ता से तीस रुपए की ठगी

**बलिया।** यूट्यूब चैनल पर अश्लील वीडियो अपलोड करने की धमकी देकर साइबर अपराधियों ने अधिवक्ता से 30 हजार रुपये की ठगी की है। जिसके बाद पीड़ित अधिवक्ता ने पुलिस अधीक्षक बलिया, साइबर सेल बलिया व मनियर एसएचओ को तहरीर देकर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। बताया जाता है कि मनियार स्थित देवरार निवासी मारकंडेय सिंह पेशे से अधिवक्ता है। उनका आरोप है कि मेरे पास 26 सितंबर की शाम को उनके पास एक कॉल आया। जिसमें फोन करने वालों ने अपना परिचय सीबीआई ऑफिसर विक्रम गोस्वामी एवं यूट्यूब चैनल से संजय सिंह बताया। कहा कि आप एक अश्लील वीडियो यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया है। इसके लिए सीबीआई टीम का गठन कर दिया गया है। जिसको लेकर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## दुर्गा पूजा के दौरान पंडालों में फायर एक्सटीन्गुइशर अनिवार्य : आईजी

### आईजी सत्य नारायण ने गाजीपुर के दुर्गा पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बीते दिन भदोही में हुए दुर्गा पूजा पंडाल अग्निकांड के बाद जिला प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए आईजी रेंज के सत्य नारायण भी गाजीपुर पहुंचे। उन्होंने विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया और उनकी सुरक्षा परखी। पंडालों में किए जाने वाले सभी इंतजामों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही, बिजली, पानी आदि मानकों और एनओसी की जांच की। वाराणसी रेंज के आईजी ने पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था और अचानक होने वाली किसी भी दुर्घटना से निपटने के लिए आवश्यक सुरक्षा सामग्री व उपकरणों का भी निरीक्षण किया। दुर्गा मूर्ति स्थापित करने वाले आयोजकों से पंडालों में बालू, पानी व आग बुझाने वाले अग्निशामक यंत्रों को रखने के लिए निर्देशित किया गया। शहर के काफी पंडालों में सुरक्षा के बंदोबस्त किए गए थे, लेकिन कुछ पंडालों के सुरक्षा बंदोबस्त की हकीकत कुछ और ही निकली।

आईजी ने पंडाल के समीप कराया बालू व पानी के बंदोबस्तः शहर के प्रकाश नगर स्थित एक दुर्गा पूजा पंडाल 11 हजार वोल्टेज की विद्युत लाइन के नीचे स्थापित किया गया है। जिसके कारण लोगों में



पंडालों का जायजा लेते आईजी, एसपी व अन्य

अनचाहे हादसे की दहशत बनी हुई है। जिला प्रशासन के निर्देश के बाद कुछ पंडालों में बालू और पानी के बंदोबस्त किए जाने लगे हैं। एक दुर्गा पूजा पंडाल समिति के प्रमोद गिरी ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से पूरे बंदोबस्त किए गए हैं। ड्रम में पानी और बालू की बोरियां रख दी गई है। दर्शनार्थियों की सुरक्षा का हमें पूरा ख्याल है। हमने भदोही घटना से सबक लिया है। इसलिए हम अलर्ट हैं। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि भदोही की घटना को देखते हुए सभी एसडीएम को दुर्गा पूजा समितियों के साथ बैठक कर विद्युत सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा के बंदोबस्त सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिसकी जिम्मेदारी पंडाल संचालकों की होगी।

पंडालों के लिए तैनात किए जाएं पर्याप्त संख्या में पुलिस जवान : निरीक्षण के बाद आईजी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि कहा कि पंडाल में हर हाल में फायर एक्स्टीन्गुइशर, पर्याप्त पानी व बालू की व्यवस्था होने चाहिए। कहा कि आरती के समय विशेष रूप से इस बात का ध्यान रखे कि चिंगारी छिंटकर पंडाल में लगे कपड़ों पर न जाए। साथ ही, शॉर्ट सर्किट की आशंका के मद्देनजर बिजली के उपकरणों पर विशेष ध्यान रखें। किसी प्रकार की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। पंडालों के निरीक्षण के बाद महानिरीक्षक ने पुलिस अधिकारियों संग बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि दुगार्पूजा, दशहरा पर्व के मद्देनजर पुलिस अधिकारी क्षेत्रों का लगातार भ्रमण करते रहें। सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। जिन पंडालों पर अधिक भीड़ होती है, वहां पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाए। शांति व्यवस्था में जो भी खलल डालने की कोशिश करें, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

## चीनी यात्री ह्वेनसांग की डायरी में है मां मंगला भवानी के मंदिर और मूर्ति का जिक्र

**तिलक कुमार/बलिया**

कोरंटाडीह पुलिस चौकी के ठीक सामने नसीरपुर मठ गांव के पखनपुरा मौजा में मोक्षदायिनी गंगा के उत्तरी तट पर स्थित मां मंगला भवानी का भव्य मंदिर छठी शताब्दी से भी पहले स्थापित किया गया है। इस मंदिर के प्राचीनता का उल्लेख हुए बलिया के जिलाधिकारी रहे हरिसेवक राम ने अपनी पुस्तक 'बलिया एक दृष्टि में लिखा है कि चीनी यात्री ह्वेनसांग पटना जाते समय अपनी समय अपनी यात्रा डायरी में मां मंगला भवानी का जिक्र किया है। किंवदंती है कि 1876 से पहले जब यह स्थान गाजीपुर जिला हुआ करता था उस समय कोरंटाडीह को तहसील बनाया गया था। तहसील के निर्माण कार्य में यह मंदिर बाधक बन रहा था। इस लिए अंग्रेज अधिकारी ने मंदिर तोड़वा कर जिस पत्थर को लोग पूजते थे, उसे बगल में स्थित



मां मंगला भवानी

गंगा नदी में फेंकवा दिया। एक सप्ताह के अंदर ही उस अंग्रेज अधिकारी के बेटे की मौत हो गई। दूसरी ओर, उनके अस्तबल के घोड़े मरने लगे। एक रात अंग्रेज अधिकारी को स्वप्न में दिखा कि तुमने जो पत्थर गंगा नदी में फेंकवाया है, उसे तत्काल लाकर यथास्थान स्थापित करवाओं अन्यथा तुम्हारा सर्वनाश हो जाएगा। इसके बाद अंग्रेज अधिकारी ने गंगा नदी से निकलवाने के बाद यथास्थान स्थापित कराया। कहा जाता है कि गंगा नदी से पत्थर की मूर्ति निकालने वाले बगल के गांव उजियार गांव के निवासी दरगाही यादव थे, जो पास ही अपनी गाय चरा रहे थे। इसके बाद अंग्रेज अधिकारी को कष्ट से मुक्ति मिली। इधर, चार दशकों से मंगला भवानी मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने लगी। पुजारी विद्यासागर पांडेय ने बताया कि शारदीय नवरात्र में बिहार गाजीपुर और अपने जिले से लाखों की संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं और उनकी मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है।

> नरहीं थाना प्रभारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि प्रसिद्ध मंगला भवानी मंदिर में भी एक साथ पांच लोग ही दर्शन पूजन करेंगे मंदिर के व्यवस्थापक को अवगत करा दिया है। मंदिर के पुजारी विद्यासागर पाण्डेय ने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा तथा मंदिर परिसर में भीड़ इकट्ठा नहीं होने दी जाएगी।

## दतौली क्रॉसिंग के समीप मिला बुजुर्ग महिला का शव

**बलिया।** जिले के सहतवार थाना अंतर्गत दतौली क्रॉसिंग के समीप सोमवार की सुबह एक बुजुर्ग महिला का क्षत विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही सीओ मो. फहीम कुरैशी एवं प्रभारी निरीक्षक सहतवार विरेन्द्र मिश्र मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे लिया। जिसके बाद शव के शिनाख्त, पंचानामा आदि की कार्रवाई में जुट गए। मामले में बताया जाता है कि बांसडीह तहसील क्षेत्र अंतर्गत सहतवार थाना क्षेत्र के बलिया-छपरा रेल खंड के मध्य दतौली क्रॉसिंग के पास सोमवार की सुबह रेलवे लाइन के किनारे शौच आदि करने जा रहे स्थानीय लोगों ने एक अज्ञात करीब बुजुर्ग महिला का क्षत विक्षत शव देखा। इस बीच किसी ने इसकी सूचना सहतवार पुलिस को दे दी। रेलवे लाइन के किनारे महिला का शव मिलने की सूचना जंगल में लगी आग की तरह फैल गई तथा देखते ही देखते घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव के शिनाख्त करने के प्रयास में लग गई। मृतक महिला का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि उक्त महिला रविवार की शाम को डंडे के सहारे चलती हुई इधर दिखी थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि रात के किसी समय उक्त महिला किसी ट्रेन के धक्के से रेलवे लाइन के किनारे झुरमुटों में गिरकर मर गई होगी।

## रास्ते के विवाद को लेकर अनशन पर बैठे आयोजक, प्रशासन ने स्थापित कराई मूर्ति



- पूजा और विसर्जन के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

**केटी न्यूज/बलिया**

गड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सिकटौटी के चाफी मौजा में रास्ते के विवाद को लेकर बीच रास्ते में कमेटी के सदस्यों ने मूर्ति रख दी और अनशन पर बैठ गए। सूचना पर पहुंची राजस्व विभाग की टीम एवं प्रशासन ने कमेटी के सदस्यों से बात कर मूर्ति को पंडाल में स्थापित करा दिया। बताते चले कि विगत एक दशक पूर्व से सिकटौटी गांव के चाफी मौजा में दूर्गा जी की मूर्ति स्थापित कर पूजा करते आ रहे है। इस साल भी आयोजकों ने मूर्ति रखने की अनुमति शासन से ले लिया था। रविवार की सुबह पिकअप में रखकर मूर्ति आयोजन स्थल पर ले जा रहे थे, लेकिन गांव के ही वीर बहादुर यादव, राम बहादुर यादव, बब्बन आदि ने बांस-बल्ली से अपने दरवाजे पर घेराबन्दी कर रास्ता बंद कर दिया था। जिसके कारण मूर्ति इन लोगों के दरवाजे के सामने ही रुक गई। इसकी तत्काल सूचना आयोजकों ने पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर राजस्व विभाग की टीम के साथ ही एसओ गड़वार राजकुमार सिंह, चौकी प्रभारी गिरिजेश सिंह, नायब तहसीलदार संत विजय सिंह, कानूनगो लालबहादुर यादव एवं क्षेत्रीय लेखपाल के साथ ही बड़ी संख्या में फोर्स पहुंचकर मौके से बांस-बल्ली को हटाकर पंडाल में मूर्ति स्थापित करा दी। एसओ गड़वार राजकुमार सिंह ने बताया कि जिस रास्ते से मूर्ति पंडाल स्थल पर स्थापित की गई है, उसी रास्ते से विसर्जन भी किया जाएगा।

इसमें किसी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न करेगा, तो प्रशासन सख्ती के साथ पेश आएगा। घटना को लेकर सुबह से ही दोनों पक्षों में तनाव था। इस दौरान ग्राम प्रधान परमात्मा नन्द, पूर्व प्रधान कृपाशंकर तिवारी, मुकेश सिंह, मन्नू यादव, मुन्नीलाल यादव, नरसिंह चौहान आदि लोग मौजूद रहे।







